Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to establish a low hight subway at railway gate number IC30 and IC30 in Kurushetra.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र) : सभापति जी, आपने मुझे मेरे लोक सभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र की समस्या को उठाने का मौका दिया । मैं सबसे पहले देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि आजादी के इस अमृत महोत्सव में उन्होंने पूरे देश में रेलवे के अण्डरपास और ओवरब्रिज बनाने का कार्य किया है । वह सराहनीय है । मैं उसके लिए आदरणीय प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहता हूं ।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र कैथल के अंदर शहर के बीचों-बीच आईसी नंबर 30 फाटक है और आईसी नंबर 31 फाटक है । हाल में ही रेलवे विभाग ने आईसी नंबर 31 फाटक को बंद कर दिया है । इस फाटक के दोनों तरफ घनी आबादी है । रेलवे लाइन के एक तरफ जहां सैनी सीनियर सेकंडरी स्कूल है, वहीं दूसरी तरफ नई अनाज मण्डी व मुख्य बाजार है, जिसकी वजह से प्रतिदिन इस फाटक से स्कूल के बच्चों सहित भारी संख्या में लोगों व वाहनों का आवागम होता है ।

माननीय सभापति : आप अपनी डिमाण्ड रखिए ।

श्री नायब सिंह सैनी : महोदय, अब इस फाटक के बंद होने से स्थानीय लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार एवं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इस वर्ष 2022-23 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा चल रही है तो मेरे क्षेत्र की इन मांगों को इसमें सम्मिलित करते हुए, फाटक नंबर आईसी 30 और बंद किए गए फाटक नंबर आईसी 31 के बीच में एक लो हाइट सब वे, कम ऊंचाई के सब वे का निर्माण करवाया जाए, जिससे यहां के लोगों और छात्रों की समस्या का समाधान हो सके । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।